NBT
नवभारत टाइम्स

पूर्व TERI चीफ पर छेड़छाड़ के आरोप तय होंगे
देखें अंदर

दहेज में ठोस सबूत पर तुरंत गिरफ्तारी : SC
देखें अंदर

जेवर एयरपोर्ट के रास्ते से दूर हुई जमीन की बाधा

■ एनबीटी न्यूज, ग्रेटर नोएडा

जेवर एयरपोर्ट के लिए जमीन देने पर किसानों की ओर से सहमति देने का आंकड़ा 97 प्रतिशत के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही जेवर एयरपोर्ट बनने का भी रास्ता साफ हो गया है। अब जिला प्रशासन जमीन अधिग्रहण के नए कानून के तहत धारा-11 की कार्रवाई शुरू करेगा। वहीं, जेवर विधायक ने शनिवार को किसानों से जमीन पर शत प्रतिशत सहमति लेने के लिए दयानतपुर में बैठक बुलाई है। इसमें जिला प्रशासन, यमुना अथॉरिटी के अधिकारी भी शामिल होंगे। इस बैठक में किसानों को धन्यवाद दिया जाएगा साथ ही क्षेत्र के विकास की योजनाओं के बारे में भी बताया जाएगा

97 फीसदी किसानों ने एयरपोर्ट के लिए जमीन देने पर दे दी है सहमति

जेवर एयरपोर्ट के लिए पहले चरण में 1334 हेक्टेयर जमीन की जरूरत है। अथॉरिटी और जिला प्रशासन ने किसानों से जमीन देने पर सहमति लेने की प्रक्रिया 15 अगस्त से शुरू की थी। यमुना अथॉरिटी के चेयरमैन ने सहमति के लिए 31 अगस्त की डेट तय की थी, लेकिन सहमति नहीं मिलने पर एडीएम लैंड ने तारीख बढ़ाकर 6 सितंबर कर दी। इसके बाद भी जमीन पर सहमति लेने की प्रक्रिया चलती रही। अब जिला प्रशासन 6 गांवों के किसानों की लिस्ट जमीन के गाटा-खसरा संख्या और रकबा की तैयार कर नये जमीन अधिग्रहण कानून के तहत धारा-11 की कार्रवाई के लिए शासन के पास भेजेगा। शासन से मंजूरी के बाद मुआवजा बांटने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी।